मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में साप्ताहिक योगाभ्यास शिविर का आयोजन

10 वें अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में साप्ताहिक योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया, योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी थीम पर आधारित योगाभ्यास कार्यक्रम विश्वविद्यालय के योग प्रांगण परिसर में प्रातः 7 से बजे से किया जा रहा है, यह कार्यक्रम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में विगत 14 जून से

आरंभ हुआ, जिसमें योगाभ्यास के साथ–साथ स्लोगन, राइटिंग एवम पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जहां महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस. के. महाजन के निर्देशन में एवम् योग प्रभारी डॉ. प्रीति मिश्रा, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. एस. कारमोरे, डॉ. एस. घोस, शिवमोहन सिंह सहित टीचिंग एसोसिएट अनिल केवट, प्रियंका गौतम, शिवानी पाठक, प्रतीक कुमार तिवारी तथा महाविद्यालय के छात्र–छात्रों की उपस्थिति में संपन्न हुआ, योग प्रशिक्षक की भूमिका डॉ. ए. पी. सिंह द्वारा निभाई गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर